इन्दिरा गांधी
राष्ट्रीय मानव संग्रहालय
Indira Gandhi
Rashtriya Manav Sangrahalaya

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2014-15

वार्षिक प्रतिवेदन 2014.15
Annual Report 2014-15

©
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, शामला हिल्स, भोपाल–462013 (म.प्र.) भारत
Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya, Shamla Hills, Bhopal-462013 (M.P.) India

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय समिति
(सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI of 1860 के अंतर्गत पंजीकृत)
के लिए
निदेशक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय,
शामला हिल्स, भोपाल द्वारा प्रकाशित

Published by
Director, Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya,
Shamla Hills, Bhopal
for Rashtriya Manav Sangrahalaya Samiti
(Registered under Society Registration Act XXI of 1860)

निःशुल्क वितरण के लिए
For Free Distribution

मुख पृष्ठः **पारम्परिक परिधान में सुसज्जित लद्दाखी महिलाएं।**
Cover Page: **Ladakhi women adorned with traditional attire.**

अंतिम पृष्ठः **डॉ. नील मैकग्रेगर, निदेशक, ब्रिटिश संग्रहालय, लंदन द्वारा संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी जनजातीय आवास का भ्रमण।**
Back Page: **Visit to Museum's Open Air Exhibition the Tribal Habitat by Dr. Neil Macgragor, Director, British Museum, London.**

छायाचित्र : छाया अनुभाग
Photographs : Photography Section

सामग्री संकलन एवं अनुवाद : डॉ. सूर्य कुमार पांडे, श्रीमती गरिमा आनंद, श्री सकमाचा सिंह
Text Compilation & Translation : Dr. Surya Kumar Pandey, Smt. Garima Anand & Shri Sakmacha Singh

आकल्पन : के. शेषाद्री, कम्प्यूटर अनुभाग, इंगांरामासं
Designed and composed : K. Seshadri, Computer section, IGRMS

टंकण कार्यः आई. वानखेड़े
Text keying : I. Wankhede

मुद्रण : म. प्र. माध्यम, भोपाल
Printed at : MP Madhyam, Bhopal

सूची / Index

विषय Contents		पृष्ठ क्र. Page No.

निदेशक का संदेश — **05**
Message from Director

सामान्य परिचय — **07**
General Introduction

1. अधो संरचनात्मक विकास : (संग्रहालय संकुल का विकास) — **09**
Infrastructure Development: (Development of Museum Complex)
   - 1.1. प्रदर्शनियाँ / Exhibitions — 09
   - 1.2. आर्काइवल स्त्रोतों में अभिवृद्धि / Strengthening of archival resources — 17

2. शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियाँ/ — **19**
Education & Outreach Activities
   - 2.1. 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम / 'Do and Learn' Museum Education Programme — 19
   - 2.2. कलाकार कार्यशालाएं / Artist Workshops — 23
   - 2.3. संगोष्ठियाँ/परिसम्वाद/कार्यशालाएं Seminars/Conferences/Workshops — 30
   - 2.4. संग्रहालय लोकरूचि व्याख्यान / Museum Popular Lectures — 34
   - 2.5. वार्षिक इंगांरामासं व्याख्यान / Annual IGRMS Lecture — 34
   - 2.6. प्रस्तुतिकारी कलाओं का प्रदर्शन/ Performing Art Presentations — 36
   - 2.7. प्रकाशन /Publications — 44
   - 2.8. अन्य विशेष गतिविधियाँ / Other Special Activities — 45

सूची / Index

विषय Contents			पृष्ठ क्र. Page No.
3.	ऑपरेशन साल्वेज/ Operation Salvage		**57**
	3.1.	संकलन द्वारा साल्वेज / Salvage through Collection	57
	3.2.	क्षेत्रकार्य द्वारा साल्वेज / Salvage through Field Work	57
	3.3.	राष्ट्रीय टैगोर फैलोशिप/स्कॉलरशिप / Tagore National Fellowship /Scholarship	58
4.	दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र, मैसूर / Southern Regional Centre, Mysore		**59**
5.	पूर्वोत्तर भारत की गतिविधियाँ / Activities for North-Eastern India		**63**
6.	सुविधा इकाईयाँ / Facility Units		**69**
7.	लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखे (2014-15) / Audit Report and Annual Accounts (2014-15)		**73**
	7.1.	वर्ष 2014–15 के लेखे पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं प्रमाण पत्र Audit Report and Audit Certificate on the accounts for the year 2014-15	74
	7.2.	वर्ष 2014–15 के लिए वार्षिक लेखा Annual Accounts for the year 2014-15	79
8.	अनुलग्नक / Annexures		**105**
	8.1.	राष्ट्रीय मानव संग्रहालय समिति के सदस्य Members of Rashtriya Manav Sangrahalaya Samiti(RMSS)	107
	8.2.	राष्ट्रीय मानव संग्रहालय समिति की कार्यकारी परिषद के सदस्य Members of the Executive Council of Rashtriya Manav Sangrahalaya Samiti	109
	8.3.	कार्यकारी परिषद की वित्त समिति के सदस्य Members of the Finance Committee of the Executive Council	111

निदेशक का संदेश
Message from Director

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जो कि विश्व के श्रेष्ठतम मानवशास्त्रीय संग्रहालयों में से एक है, भारत में सांस्कृतिक विविधता को समारोहित करने तथा राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने के अपने मूल उद्देश्य के प्रति संकल्पित है। यह संग्रहालय मैसूर में एक केंद्र (दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र) के साथ भोपाल में स्थित है, इस संग्रहालय ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तृत अपनी गतिविधियों का नियोजन अत्यंत सावधानीपूर्वक किया है। यह वार्षिक प्रतिवेदन हमारे द्वारा कलाकार कार्यशालाओं, आउटरीच गतिविधियों, सामयिक तथा विशेष प्रदर्शनियों, वाचिक तथा प्रस्तुतिकारी परम्पराओं के वृहद प्रलेखन के द्वारा अपनी मुक्ताकाश तथा अंतरंग दीर्घाओं के विकास तथा भारतीय सभ्यता के मौलिक सांस्कृतिक मूल्यों के पुनर्जीवीकरण हेतु की गई बहुविधि गतिविधयों के प्रतिबिम्बन का प्रयास है। हमारा विश्वास है कि इन गतिविधियों के जरिये हम देश और रज्य की राजनैतिक सीमाओं से कहीं

Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya, which is perceived as one of the finest ethnographic museum of the world, is deeply committed to its core mandates: celebration of cultural diversity of India and promoting national integration. Through this national museum is located in Bhopal with a centre in Mysore (Southern Regional Centre), it carefully crafted its various activities spread over different regions of our nation. This annual report is a testimony to reflect on various kinds of activities we did to strengthen our open and indoor galleries and to revitalize various core cultural values of Indian civilization through artist workshops, outreach programmes, periodical as well as special exhibitions, research and extensive documentation of oral and performing traditions. Infact, we intend to build up a circular dialogue with past,

आगे निकल चुकी मानवीय प्रगति की भूत, वर्तमान और भविष्य की यात्रा के बीच एक चक्रीय सम्वाद स्थापित कर सकते हैं।

इंगांरामासं भारत में जहाँ कि हमारे लोक अथवा जनजातीय समुदाय अपने जीवन उपयोगी भविष्य का स्वप्न संजोए हुए हैं, नव संग्रहालय आंदोलन का प्रतीक है । यह संग्रहालय पूर्वोत्तर भारत के लोगों के लिये उनके सृजनात्मक ज्ञान और सौन्दर्य बोध पर आधारित एक झरोखे का सृजन पहले ही कर चुका है। हमारा यथेष्ठ प्रयास है कि डिजिटल व सोशल मीडिया के क्षेत्र में अपने भ्रमणार्थियों, अपने दर्शकों तथा मित्रों की अपेक्षाओं पर अपने प्रयासों से खरे उतरें। हम आशान्वित हैं कि हमारे सम्मिलित प्रयासों और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से हम नव वर्ष में इस सार्वजनिक स्थल को मूल सभ्यतागत मूल्यों के पुनर्जीवीकरण तथा शिक्षा के एक स्थल के रूप में निर्मित करते हुए पहुँचेंगे।

स. चौधुरी

प्रो. सरित कुमार चौधुरी
निदेशक, इंगांरामासं, भोपाल

present and future journey of human progress which is expanded much beyond the political boundaries of a nation-state.

IGRMS symbolises new museum movement in India where our tribal or folk communities nurture their dream for a sustainable future. It has already created a niche for the people of North-East India based on their creative genius and aesthetic sensibilities. We are trying our best to live up to the expectation of our visitors, viewers and friends by strengthing our inputs in digital domain and social media. We are optimistic that through our collective endeavors and support from the Ministry of Culture, Govt. of India, we will excel in New Year by making this public space as space for learning and revitalization of core civilizational values.

Prof. Sarit Kumar Chaudhuri
Director, IGRMS, Bhopal

सामान्य परिचय
General Introduction

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के एक स्वायत्तशासी संस्थान इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, (नेशनल म्यूज़ियम ऑफ मेनकाइंड) ने मार्च 1977 में नई दिल्ली में संस्कृति विभाग के एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। 1979 के प्रारंभ में मध्यप्रदेश राज्य शासन से 200 एकड़ का परिसर आबंटित होने पर यह संस्थान भोपाल स्थानांतरित किया गया। मार्च 1985 में संग्रहालय का दर्जा एक 'अधीनस्थ कार्यालय' से स्वायत्तशासी संस्थान का किया गया तथा संग्रहालय के कार्यक्रमों और गतिविधियों के पर्यवेक्षण और नियंत्रण का दायित्व 'राष्ट्रीय मानव संग्रहालय समिति' को सौंपा गया। कालक्रम में संग्रहालय के विस्तार केंद्र के रूप मे दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र ने कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा आबंटित धरोहर भवन 'वेलिंगटन हाउस' से मैसूर में अक्तूबर 2001 से कार्य करना प्रारंभ किया।

संग्रहालय के उद्देश्यों में सम्मिलित हैः भारत के सांस्कृतिक प्रतिमानों की विविधता और समृध्दता तथा उसमें अंतर्निहित एकता को प्रकाशित करते हुए अपनी मुक्ताकाश तथा अंतरंग प्रदर्शनियों के माध्यम से मानव जाति के जैव–सांस्कृतिक उद्‌विकास की समेकित गाथा का प्रस्तुतिकरण, संग्रहालय विज्ञान में शोध और प्रशिक्षण के केन्द्र के रूप में कार्य करना तथा भारत में नव संग्रहालय आन्दोलन की शुरूआत करना एवम् सांस्कृतिक जीवन की विविधता को संरक्षित और प्रस्तुत करना। इंगांरामासं राष्ट्रीय एकता तथा विलुप्त प्राय किन्तु बहुमूल्य सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण व पुनर्जीवीकरण हेतु अंतर्संगठनात्मक नेटवर्किंग तथा शोध व प्रशिक्षण को बढावा देने हेतु भी कार्यरत है।

विभिन्न समुदायों से विशेषज्ञों तथा पारम्परिक कलाकारों की सक्रिय सहभागिता से निर्मित मुक्ताकाश तथा अंतरंग प्रदर्शनियॉं तथा देश के विभिन्न भागों में शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियॉं संस्थान के अभिनव पक्ष हैं। अपनी प्रदर्शनियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा साल्वेज गतिविधियों के माध्यम से इंगांरामासं भारत की पारंपरिक जीवन शैली की सौन्दर्यात्मक विशेषताओं, लोगों के स्थानीय पारंपरिक ज्ञान एवं नैतिक मूल्यों की आधुनिक समाज के साथ सतत प्रासंगिकता को प्रदर्शित करने के साथ ही लोगों को पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण, स्थानीय मूल्यों और परंपराओं के अभूतपूर्व विनाश के प्रति सचेत कर रहा है।

संग्रहालय के कार्यक्रम एवं गतिविधियां तीन प्रमुख उपयोजनाओं के अंतर्गत संचालित होती हैः

1. **अधो संरचनात्मक विकास :**
   (संग्रहालय संकुल का विकास),
2. **शैक्षणिक एवं आउटरीच कार्यक्रम, तथा**
3. **ऑपरेशन साल्वेज ।**

संग्रहालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में असम के कलाकारों द्वारा सत्रीय नृत्य की प्रस्तुति।
Performance of Satriya dance by the artists from Assam in a programme organised by the Museum.

Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya (IGRMS)/ (National Museum of Mankind), an autonomous organization of the Ministry of Culture, Government of India, began functioning since March, 1977 as a 'Subordinate Office' of the Department of Culture, at New Delhi. By early 1979, the establishment was shifted to Bhopal on allotment of a 200 acre campus by the State Government of Madhya Pradesh. The status of the Museum was converted from the 'Subordinate Office' into an Áutonomous Organisation in March 1985, and the 'Rashtriya Manav Sangrahalaya Samiti' was entrusted to control and supervise the programmes and activities of the Sangrahalaya. Subsequently as an extention of the Sangrahalaya, Southern Regional Centre at Mysore started functioning since October, 2001 from a heritage building 'Wellington House' allotted by the Government of Karnataka.

The mandate of the Sangrahalaya include: presentation of an integrated story of bio-cultural evolution of humankind through outdoor and indoor exhibitions by highlighting the richness and diversity of cultural patterns of India and its underlying unity; to act as a centre of research and training in museology and generate a new museum movement in India and to present and preserve variety of cultural life. IGRMS is also working for national integration, and promote research & training and inter-organizational networking for salvage and revitalization of vanishing, but valuable cultural traditions.

The innovative aspects of the organisation are its open-air and indoor exhibitions, built with active involvement of traditional artisans and experts drawn from different community groups, and the education, outreach & salvage activities in different parts of the country. Through its exhibitions, education programmes and salvage activities, IGRMS demonstrates the aesthetic qualities of India's traditional life styles, and the continued relevance of local traditional knowledge and mores of people to the modern society and cautions the people against unprecedented destruction of ecology and environment, local values and customs.

The programmes and activities of the organisation are carried out under three sub-schemes namely:

1. **Infrastructure Development :**
   (Development of Museum Complex),
2. **Education and Outreach Programme and**
3. **Operation Salvage.**

संग्रहालय द्वारा आयोजित एक कलाकार कार्यशाला में भील कलाकार द्वारा 'हाथ की छाप' के रूप में प्रतिनिधित्व।
Representation by Bhil artists with hand prints in an artist workshop organised by the Museum.

1

अधो संरचनात्मक विकास :
संग्रहालय संकुल का विकास

Infrastructure Development :
(Development of Museum Complex)

वर्ष 2014 – 2015 के दौरान क्रियान्वित गतिविधियों पर प्रतिवेदन निम्नांकित हैं :

1.1. **प्रदर्शनियाँः** क्यूरेटोरियल विंग के सदस्य विभिन्न मुक्ताकाश प्रदर्शनियों जैसे *जनजातीय आवास, हिमालय ग्राम, तटीय गांव, मरू ग्राम, नदी घाटी संस्कृतियाँ, विश्व बोध एवं कथा पथ, शैलकला धरोहर, पारंपरिक तकनीक, तथा पुनीत वन* के संधारण एवं उन्नयन कार्य तथा अंतरंग संग्रहालय *वीथि संकुल* में नवीन प्रदर्शनी स्थलों के विकास में संलग्न रहे।

1.1.1. **मुक्ताकाश प्रदर्शनियाँः**

1.1.1.1. **नवीन प्रादर्शों की अभिवृद्धिः** संग्रहालय भोपाल स्थित अपनी मुक्ताकाश प्रदर्शनियों में सांस्कृतिक विविधता के भाग के रूप में भारत की स्थापत्य विविधता को प्रदर्शित करने का योजनाबद्ध प्रयास कर रहा है।

अवधि के दौरान संग्रहालय परिसर में निम्नांकित छः प्रादर्श स्थापित किये गये।

वनदेवीर थान : 'पश्चिम बंगाल के सुन्दर वन डेल्टा से वनदेवी के पारंपरिक देवस्थान को संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी मिथक पथ में प्रादर्श के रूप में स्थापित किया गया। (अप्रेल, 2014)

इन्न–की : मणीपुर की मारिंग जनजाति के संस्कार गृह को मणीपुर के मारिंग कलाकारों के समूह द्वारा संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी जनजातीय आवास में सफलतापूर्वक जोड़ा गया। 'इन्न–की' मारिंग लोगों द्वारा यायाओं पर्व मनाते समय बनाये जाने वाले अनुष्ठान गृह का पारम्परिक नाम है। (सितम्बर, 2014)

समादि : असम के तिवा समुदाय का युवागृह जनजातीय आवास मुक्ताकाश प्रदर्शनी में स्थापित किया गया। (नवम्बर, 2014)

नो–बारो : असम के तिवा समुदाय का आवास प्रकार जनजातीय आवास मुक्ताकाश प्रदर्शनी में स्थापित किया गया। (नवम्बर, 2014)

चान्सा : लेह, लद्दाख से कलाकारों के एक दल ने संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी हिमालय ग्राम में लद्दाख के पारंपरिक रसोई घर का निर्माण किया। (जनवरी, 2015)

माने : लेह, लद्दाख के कलाकारों द्वारा हिमालय ग्राम मुक्ताकाश प्रदर्शनी में एक विशालकाय बौद्ध प्रार्थना चक्र प्रादर्श स्वरूप स्थापित किया गया। (जनवरी, 2015)

The report of activities carried out during the year 2014 -15 is given below:

1.1. **Exhibitions:** Members of the Curatorial Wing were engaged in updating and maintenance of different open-air exhibitions entitled *Tribal Habitat, Himalayan Village, Coastal Village, Desert Village, River-valley Cultures, Cosmology and Narrative Trail, Rock Art Heritage, Traditional Technology and Sacred Groves,* and also in developing new display spaces in the *Veethi Sankul* – the Indoor Museum.

1.1.1. **Open Air Exhibitions:**

1.1.1.1. **Addition of New Exhibits:**

The museum is making systematic efforts to showcase the architectural diversity of India as part of cultural diversity in its open air exhibitions at Bhopal.

During the period following Six exhibits were installed at Museum premises.

Van Devir Than: Traditional Shrine of forest deity from Sunderban Delta, West Bengal was installed as an exhibit in Mythological trail open air exhibition of the Museum.(April,2014)

Inn-ki: A Ceremonial house of the Maring tribe of Manipur was succesffuly added in the Tribal Habitat open air exhibition of the Museum by a group of Maring artists from Manipur. Inn-ki is the traditional term for the ceremonial house prepared by Maring people at the time of celebrating Yayao festival.(September,2014)

Samadi: A Youth dormitory of the Tiwa community of Assam was installed at the Tribal Habitat open air exhibition.(November, 2014)

No-baro: House type of Tiwa community of Assam was installed at Tribal Habitat open air exhibition.(November, 2014)

Chansa: A team of artists from Leh, Ladakh constructed a traditional Kitchen of Ladakh as an exhibit at Himalayan village open air exhibition of the Museum.(January, 2015)

Mane: A huge size Buddhist prayer wheel was installed in the Himalyan village open air exhibition by the artists from Leh, Ladakh. (January, 2015)

संग्रहालय में प्रादर्श स्वरूप इन्न–की का निर्माण और उद्घाटन।
Installation and inauguration of Inn-ki as an exhibit in museum.

ढोकरा कलाकारों द्वारा संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी पारम्परिक तकनीक में धातु प्रगलन तकनीक का प्रदर्शन व संबंधित प्रादर्श की स्थापना।
Demonstration of metal casting teachnique and installation of related exhibit by Dhokara artists in Museums open air exhibition Traditonal Technology.

मणीपुर के मारिंग समुदाय के कलाकारों द्वारा इन्न–की का अनुष्ठानिक उद्घाटन।
Ceremonial inauguration of Inn-ki by artists of Maring community of Manipur.

तिवा जनजाति के कलाकारों द्वारा संग्रहालय में नोबारो निर्माण के पूर्व अनुष्ठान।
Ritual before the construction of 'Nobaro' by Tiwa artists in the Museum.

चांसा– मुक्ताकाश प्रदर्शनी हिमालय ग्राम में लेह, लद्दाख की पारम्परिक रसोई का बाहरी एवं भीतरी दृश्य।
Chansa- external view & inner view of traditional Kitchen from Leh, Ladakh in the open air exhibition Himalayan Village.

माने–मुक्ताकाश प्रदर्शनी हिमालय ग्राम में प्रादर्श स्वरुप बौद्ध प्रार्थना चक्र।
Mane-Buddhist Prayer wheel as an exihibit in the open air exhibition Himalayan Village

मिथक पथ मुक्ताकश प्रदर्शनी में वनदेवीर थान का उद्घाटन दृश्य। *Inaugural view of Vandeveer Than in the Mythological trail open air exhibition.*

ढोकरा कलाकारों द्वारा संग्रहालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान निर्मित स्थानीय देवी की मूर्ति।
An image of local deity produced by the Dhokara artists during demonstration in Museum premises.

मुरिया कलाकारों द्वारा संग्रहालय परिसर में बस्तर के दशहरा रथ का रिस्टोरेशन कार्य।
Restoration work of the Dussehra Rath of Bastar by the Muria artists in the Museum premises.

1.1.2. **वीथि संकुल – अंतरंग प्रदर्शनी भवन**

1.1.2.1. **डीएनए डबल हैलिक्स :** वीथि संकुल की दीर्घा क्रमांक 1 में एक प्रादर्श स्थापित किया गया। यह अंतर्क्रियात्मक प्रादर्श राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता के सहयोग से विकसित किया गया है। (जुलाई, 2014)

1.1.2.2. **दर्शक सुविधाएँ :** अपनी प्रदर्शनियों को समाज के प्रत्येक वर्ग हेतु सुगम तथा दर्शकों के अनुकूल बनाने के प्रयासों के क्रम में संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी पारम्परिक तकनीक में ऑडियो गाइड सुविधा की शुरूआत की गई। इस प्रदर्शनी में द्विभाषी ब्रोशर, सभी प्रादर्शों पर द्विभाषी सूचना पट्टिकाएँ, संकेतक तथा पेयजल सुविधाएँ भी उपलब्ध करायी गई। संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनी मिथक पथ में नवीन अभिवृद्धियों तथा परिष्कृत संकेतकों के साथ मार्गदर्शी मानचित्र उपलब्ध कराया गया।

1.1.2.3. **ममत्व :** अंतरंग संग्रहालय भवन वीथि संकुल में शिशुओं के साथ आने वाली महिला दर्शकों हेतु मूलभूत सुविधाओं के साथ मदर्स कॉर्नर का विकास किया गया ।

1.1.3. **अस्थायी एवं घुमन्तु प्रदर्शनियाँ :** समीक्षावधि के दौरान निम्नलिखित चौबीस सामयिक एवं घुमन्तु प्रदर्शनियाँ भोपाल तथा भारत के अन्य स्थानों पर विकसित एवं प्रदर्शित की गईं।

1.1.3.1. **झरोखा :** पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के सहयोग से एक छायाचित्र प्रदर्शनी का संयोजन जबलपुर में किया गया। (अप्रेल, 2014)

1.1.3.2. **सहजोग यात्रा :** इंगांरामासं तथा भारतीय रेल के सहयोगी प्रयासों स्वरूप एक छायाचित्र प्रदर्शनी की गोंडवाना तथा रेवांचल एक्सप्रेस में सफलतापूर्वक शुरूआत की गई। (अप्रेल, 2014)

1.1.3.3. **सोहांग :** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र की कोंकणा जनजाति के विशेष संदर्भ में मुखौटों पर एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। (मई, 2014)

1.1.3.4. **पुनीत वन :** इंगांरामासं द्वारा ऊर्जा तथा पर्यावरण अध्ययन विभाग, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर में भारत के पुनीत वनों पर एक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया। प्रदर्शनी भारत के विभिन्न समुदायों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनाये गये पारम्परिक विश्वासों और अभिक्रियाओं पर केंद्रित थी। (जून, 2014)

1.1.3.5. **कविता रचते छायाचित्र :** संग्रहालय अभिलेखागार से चयनित छायाचित्रों की एक प्रदर्शनी संग्रहालय में सम्पन्न हुई। प्रदर्शनी का आयोजन श्री रवि श्रीवास जो इंगांरामासं से सहायक क्यूरेटर (डिस्प्ले) के रूप में सेवानिवृत हुए हैं के द्वारा खींचे गये चित्रों की स्मृतियों को संजोने हेतु किया गया। (जुलाई, 2014)

1.1.3.6. **धरोहर झरोखा :** भारत में लोक व जनजातीय जीवन को दर्शाती एक छायाचित्र प्रदर्शनी शिक्षक दिवस के अवसर ग्लोबल इन्टर नैशनल पब्लिक स्कूल, डबरा, ग्वालियर में संयोजित की गई। (सितम्बर, 2014)

1.1.3.7. **देशाटन :** भारत की अल्पज्ञात क्षेत्रीय संस्कृतियों को उजागर करती एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. पी.जे. सुधाकर, अतिरिक्त महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर किया गया। (सितम्बर, 2014)

1.1.3.8. **अरघ :** संग्रहालय द्वारा छठ पर्व पर केंद्रित 46 छाया चित्रों की एक विशेष प्रदर्शनी भारत भवन, संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित बिहार महोत्सव के अवसर पर भारत भवन, भोपाल में संयोजित की गई। (अक्टूबर, 2014)

1.1.3.9. मधुबनी चित्रांकन शैली में छठ पूजा से संबंधित प्रतिमानों को दर्शाती पारम्परिक मधुबनी चित्रों की एक विशेष प्रदर्शनी भारत भवन, संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित **बिहार महोत्सव** के अवसर पर भारत भवन, भोपाल में संयोजित की गई। (अक्टूबर, 2014)

1.1.3.10. **लोकलिखि :** भारत में लोक व जनजातीय चित्र कला की विभिन्न शैलियों को उजागर करती एक विशेष प्रदर्शनी संग्रहालय के आवृत्ति भवन में संयोजित की गई। प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन श्री प्रमोद जैन, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। (अक्टूबर, 2014)

1.1.3.11. **धरोहर झरोखा :** देश की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते छायाचित्र प्रादर्श युक्त दो धरोहर झरोखे क्रमशः नवोदय विद्यालय, रातीबड़, भोपाल तथा पश्चिम मध्य रेल्वे सीनियर सैकेंड्री स्कूल, इटारसी में खोले गये। (नवम्बर, 2014)

1.1.3.12. इंगांरामासं की गतिविधि केंद्रित पोस्टर्स सहित प्रकाशनों की एक प्रदर्शनी तथा इंगांरामासं की परिचयात्मक फिल्म के प्रदर्शन का आयोजन इण्डियन आर्ट हिस्ट्री कांग्रेस की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में किया गया। (दिसम्बर, 2014)

1.1.3.13. इंगांरामासं की गतिविधियों पर केंद्रित एक धरोहर झरोखा पश्चिम मध्य रेल्वे सीनियर सैकेंड्री स्कूल, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी में किया गया। (दिसम्बर, 2014)

1.1.3.14. **गाता पखना :** मुरिया जनजाति के मृत्यु अनुष्ठानों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी मानवशास्त्र विभाग, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में संयोजित की गई। यह प्रदर्शनी धरोहर झरोखे के रूप में विश्वविद्यालय को स्थायी रूप से सौंप दी गई। (दिसम्बर, 2014)

अंतरंग दीर्घा में डीएनए डबल हैलिक्स अंतर्क्रियात्मक मॉडल।
DNA double Helix interactive model in the indoor gallery.

ग्लोबल इंटरनैशनल स्कूल, डबरा में संयोजित धरोहर झरोखा में विशेष आमंत्रित अतिथि।
Special invitees in the Heritage Corner mounted at Global International School, Dabara.

ग्लोबल इंटरनैशनल स्कूल डबरा में संयोजित धरोहर झरोखा का एक दृश्य।
A view of heritage corner mounted at Global International School, Dabara.

विशेष सामयिक प्रदर्शनी देशाटन का एक दृश्य।
A view of special periodical exhibition Deshatan.

वीथि संकुल अंतरंग संग्रहालय में मदर्स कॉर्नर का सुश्री जार्जुम ऐते द्वारा लोकार्पण।
Dedication of the Mothers corner by Ms. Jrjum Ete in the Veethi Sankul indoor museum.

संग्रहालय द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में आयोजित धुमंतु प्रदर्शनी 'गाता पखना' में आमंत्रित अध्येतागण।
Invited scholars in 'Gata Pakhna' travelling exhibition organised by the Museum in Bastar University, Jagadalpur.

ग्लोबल इंटरनैशनल स्कूल डबरा में विकसित 'धरोहर झरोखा' का उद्घाटन दृश्य।
Inaugural view of 'heritage corner' developed at the Global international School Dabara.

इंगारामासं द्वारा गुरुसदाय संग्रहालय, कोलकाता में संयोजित घुमंतु प्रदर्शनी 'ईशानी' का एक दृश्य।
A view of travelling exhibition 'Ishanee' mounted by IGRMS at Gurusadai Museum, Kolkata.

संग्रहालय द्वारा आयोजित विशेष सामयिक प्रदर्शनी 'हिमलोक' में श्री रवीन्द्र सिंह, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
Shri Ravindra Singh, Secretary, Ministry of Culture, Govt. of India in 'Himlok' special periodical exhibition organised by the Museum.

1.1. 2. **Veethi Sankul indoor museum building:**

1.1. 2.1. **DNA Double Helix:** An exhibit had been installed in the gallery no.1 of Veethi Sankul. This interactive exhibit had been developed in collaboration with National Council of Science Museum, Kolkata.(July,2014)

1.1. 2.2. **Visitors facilities:** In continuation of efforts to make its exhibitions more accessible to every segment of society and visitor friendly, audio guide facility has been introduced in the Traditional Technology open air exhibition. A bilingual brochure, bilingual information plates of all the exhibits, signages and drinking water facilities are also made available in this exhibition. A guide map with new additions and improved signages are facilitated in Mythological Trail open air exhibition of the Museum.

1.1. 2.3. **Mamatva:** Mother's Corner with basic facilities for women visitors with infants had been developed in the indoor Museum building-Veethi Sankul

1.1.3. **Temporary and Travelling Exhibitions:** During the period under review the following twenty four periodical and travelling exhibitions were developed and exhibited in Bhopal and other places of India:

1.1.3.1. **Jharokha** : A photo exhibition was mounted at Jabalpur in collaboration with West Central Railway, Jabalpur. (April,2014)

1.1.3.2. **Sahjog Yatra-** Photo exhibitions in Gondwana and Rewanchal express trains were successfully launched as collaborative venture of IGRMS and the Indian Railway. (April,2014)

1.1.3.3. **Sohang:** A special exhibition of Masks with special reference to the Konkana tribals of Maharashtra was organised on the occasion of International Museum Day.(May,2014)

1.1.3.4. **Sacred Groves:** A photographic exhibition on "Sacred Groves of India" was organised by IGRMS at Department of Energy and Environmental Studies, Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore on the occasion of World Environment Day. The exhibition focused on traditional belief and practices of environment conservation adopted by various communities of India. (June,2014)

1.1.3.5. **Kavita Rachte Chhaya Chitra:** An exhibition on selected photographs from Museum archive was held in the museum. The exhibition was organised to recollect the memories of photographs clicked by Shri Ravi Srivas who retired from IGRMS as Assistant Curator (Display).(July, 2014)

1.1.3.6. **Heritage Corner :** A photographic exhibition portraying the folk and tribal life in India was mounted at Global International Public School, Dabra, Gwalior on the occasion of Teachers Day. (September,2014)

1.1.3.7. **Deshatan -:** A special exhibition highlighting lesser known regional cultures of India was inaugurated by Dr. P.J. Sudhakar, Additional Director General, Press Information Bureau, Government of India on the occasion of World Tourism day. (September, 2014)

1.1.3.8. **Aragh:** A special exhibition containing 46 photographs focussing Chhath Parv was mounted by the Museum on the occasion of "Bihar Mahotsav" organised by Bharat Bhawan, Department of Culture, Government of Madhya Pradesh at Bharat Bhawan, Bhopal.(October,2014)

1.1.3.9. A special exhibition on traditional Madhubani paintings depicting motives related with Chhath Puja in Madhubani painting style was mounted on the occasion of **Bihar Mahotsav** organised by Bharat Bhawan, Department of Culture, Government of Madhya Pradesh at Bharat Bhawan, Bhopal(October,2014).

1.1.3.10. **Loklikhi :** A special exhibition highlighting the various styles of folk and tribal paintings in India was mounted by the Museum at Avritti Bhawan. The exhibition was formally inaugurated by Shri Pramod Jain, Joint Secretary, Ministry of Culture, Government of India.(October, 2014)

1.1.3.11. **Heritage Corner:** Two Heritage Corners comprising of photographic exhibits depicting the cultural heritage of country were opened at Jawahar Navodaya Vidyalaya, Ratibad, Bhopal and West Central Railway Senior Secondary School, Itarsi respectively.(November,2014)

1.1.3.12. An exhibition of publications including activity based posters and screening of introductory film of IGRMS was displayed at New Delhi on the occasion of Platinum Jubilee Session of Indian Art History Congress organised at Jawahar Lal Nehru University, New Delhi.(December, 2014)

1.1.3.13. A Heritage Corner focussing the activities of IGRMS was mounted at West Central Railway Senior Secondary School, New Katni Junction, Katni.(December, 2014)

1.1.3.14. **Gata Pakhna :** A special exhibition based on the death rituals of Muria was mounted at Department of Anthropology, Bastar University, Jagdalpur. This exhibition had been endorsed permanently to the university as Heritage Corner. (December,2014)

1.1.3.15. **एक प्रार्थना :** प्रसिद्ध कवि एवं लेखक गुलज़ार द्वारा लिखित कविताओं के साथ विकलांगता पर पोस्टर्स की एक विशेष प्रदर्शनी विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर वीथि संकुल में संयोजित की गई। (दिसम्बर, 2014)

1.1.3.16. **धरोहर झरोखा :** दर्शाती एक छायाचित्र प्रदर्शनी का संयोजन पश्चिम मध्य रेल्वे सीनियर सैकेंन्ड्री स्कूल, भोपाल में धरोहर झरोखा श्रंखला के अंतर्गत किया गया। (जनवरी, 2015)

1.1.3.17. **भारत के पुनीत वन :** भारत के पुनीत वन शीर्षक से एक छाया चित्र प्रदर्शनी का संयोजन आई.जी.एन.सी.ए., नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव के अवसर पर किया गया। (फरवरी, 2015)

1.1.3.18. **भारत के देशज जन :** भारत में जनजातीय जीवन और संस्कृति के विविध पक्षों को दर्शाती एक छायाचित्र प्रदर्शनी का संयोजन राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव के दौरान आई.जी. एन.सी.ए., नई दिल्ली में किया गया। (फरवरी, 2015)

1.1.3.19. **पूर्वोत्तर भारत की झलकियॉं :** पूर्वोत्तर भारत में बेंत और बांस संस्कृति को दर्शाती एक छाया चित्र प्रदर्शनी का संयोजन अरोविल बैम्बू सेन्टर, पांण्डिचेरी में किया गया। (फरवरी, 2015)

1.1.3.20. **हिमलोक :** भारतीय हिमालय के लोगों और संस्कृति को दर्शाती एक विशेष प्रदर्शनी का संयोजन भोपाल स्थित संग्रहालय परिसर में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन डा. रवीन्द्र सिंह, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। (फरवरी, 2015)

1.1.3.21. **ईशानी :** पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति पर एक छाया चित्र प्रदर्शनी गुरूसदाय संग्रहालय, कोलकाता के सहयोग से कोलकाता में आयोजित की गई। (मार्च, 2015)

1.1.3.22. **विरासत :** इंगांरामासं के संकलन में से 'एए' तथा 'ए' श्रेणी प्रादर्शो को दर्शाती एक सामायिक प्रदर्शनी वीथि संकुल अंतरंग संग्रहालय भवन में आयोजित की गई। प्रदर्शनी 'राष्ट्रीय महत्व के प्रादर्श' के रूप में चिन्हित इन संकलनों के सांस्कृतिक महत्व, प्रकार्यात्मकता तथा देशज कारीगरी के प्रति एक सूक्ष्म दृष्टि उपलब्ध कराती है। (मार्च, 2015)

1.1.3.23. **अरूणाचल परिदृष्य :** अरूणाचल प्रदेश के लोगों और संस्कृति पर केंद्रित एक सामयिक प्रदर्शनी का सफल आयोजन भोपाल स्थित संग्रहालय के आवृत्ति भवन में संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर अरूणाचल प्रदेश सांस्कृतिक उत्सव के दौरान किया गया। (मार्च, 2015)

1.1.3.24. **अरूणाचल एक झलक :** अरूणाचल प्रदेश के विविध सांस्कृतिक पक्षों को दर्शाती एक छायाचित्र प्रदर्शनी भी अरूणाचल प्रदेश सांस्कृतिक उत्सव के अवसर पर संयोजित की गई। (मार्च, 2015)

1.1.3.15. **Ek Prarthna:** A special exhibition containing posters on disability with poems written by noted poet and writer Gulzar was mounted on the occasion of World Disabled Day at Veethi Sankul. (December, 2014)

1.1.3.16. **Heritage Corner:** Sangrahalaya mounted a photo exhibition depicting diverse cultures of India in West Central Railway Senior Secondary School, Bhopal under the series of Heritage Corner. (January, 2015)

1.1.3.17. **Sacred Groves of India:** A photographic exhibition was mounted at IGNCA, New Delhi on the occasion of National Tribal festival.(February, 2015).

1.1.3.18. **Indigenous People of India:** A photographic exhibition showcasing various aspects of tribal life and culture in India was mounted at IGNCA, New Delhi on the occasion of National Tribal festival. (February, 2015).

1.1.3.19. **Glimpses of Northeast India:** A photographic exhibition depicting cane and bamboo cultures in North-East India was mounted at Auroville Bamboo Centre, Pondicherry.(February, 2015).

1.1.3.20. **Himlok:** A special exhibition showcasing the people and culture of Indian Himalaya was mounted at Museum premises at Bhopal. This exhibition was inaugurated by Dr Ravindra Singh, Secretary, Ministry of Culture, Govt of India.(February, 2015).

1.1.3.21. **Ishani :** A photographic exhibition on North Eastern Cultures of India was mounted in collaboration with Gurusaday Museum, Kolkata at Kolkata.(March, 2015)

1.1.3.22. **Virasat:** A periodical gallery showcasing the 'AA' & 'A' categories objects from the collection of IGRMS was organised in the Veethi Sankul-the indoor museum building. Designated as the 'objects of National Importance', the exhibition provides an insight into the cultural values, functionalities and indigenous craftsmanship of these collections. (March, 2015)

1.1.3.23. **Arunachal Paridrishya:** A periodical exhibition focussing the People, life and Culture in Arunachal Pradesh was successfully organised at Bhopal during the Arunachal Pradesh Cultural festival celebrated on the eve of the Museum Foundation Day.(March, 2015)

1.1.3.24. **Arunachal Ek Jhalak:** A photographic exhibition showcasing vivid cultural aspects of Arunachal Pradesh was also mounted on the occasion of Arunachal Pradesh Cultural festival. (March, 2015)

संग्रहालय द्वारा संयोजित सामयिक प्रदर्शनी 'कविता रचते छायाचित्र' का एक दृश्य।
A view of periodical exhibition 'Kavita Rachatya Chayachitra' mounted by the museum.

संग्रहालय द्वारा संयोजित सामयिक प्रदर्शनी 'लोकलिखि' का अवलोकन करते श्री प्रमोद जैन, संयुक्त सचिव।
Shri Pramod Jain, Joint Secretary observing the 'Lok Likhi' periodical exhibition mounted by the museum.

1.1.4. **माह का प्रादर्श :**

प्रदर्शनी श्रृंखला 'माह का प्रादर्श' दर्शकों को संग्रहालय के अनूठे संकलन से परिचित कराने को उद्देशित है। इसका उद्देश्य एक प्रादर्श के बारे में प्रत्यक्ष सूचना उपलब्ध कराना है। इस श्रृंखला के अंतर्गत संग्रहालय के संरक्षित संकलन में से प्रति माह एक चयनित प्रादर्श प्रदर्शित किया जाता है। समीक्षावधि के दौरान विभिन्न लोक एवं जनजातीय जनसमूहों से सम्बद्ध निम्नलिखित प्रादर्श प्रदर्शित किये गये।

1.1.4.1. रिंगा – ओडिशा की हिलबोंडो/बोंडा जनजाति से सम्बद्ध एक प्रादर्श। (अप्रैल, 2014)

1.1.4.2. वांगाम्बा चेन्खांग – लकड़ी की एक कुर्सी, नागा मुखिया के गौरव, अधिकार, सर्वोच्चता तथा स्तर को सूचित करता एक बेहतरीन प्रादर्श। (मई, 2014)

1.1.4.3. कपाला – तिब्बती बौद्ध विहार से एक अनुष्ठानिक पात्र। (जून, 2014)

1.1.4.4. ताड़पा – थाणे, महाराष्ट्र की वारली जनजाति का एक सुषिर वाद्ययंत्र । (जुलाई, 2014)

1.1.4.5. तलवार – सिक्ख धर्म से सम्बद्ध एक प्रादर्श उसके ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भों सहित प्रदर्शित किया गया। (अगस्त, 2014)

1.1.4.6. शिलाम्बु – तमिल साहित्य से सम्बद्ध, तमिलनाडु के श्रीगंगा जिले से प्राप्त एक पग अभूषण, जो 'कन्नगी के प्रतिशोध' की कथा को याद दिलाता है। शिलाम्बू की मान्यता एक विवाहित महिला के गौरव और सम्मान के प्रतीक स्वरूप तथा कन्नगी की मान्यता न्याय की देवी के रूप में है। (सितम्बर, 2014)

1.1.4.7. शामी लामी फी – नागालैण्ड के नागा समुदाय का एक शानदार अंगवस्त्र । (अक्टूबर,2014)

1.1.4.8. चांगू : ओडिशा की जुआंग जनजाति का एक डफ। (नवम्बर, 2014)

1.1.4.9. बलुआ – झारखण्ड के उरांव समुदाय का एक फरसा। (दिसम्बर, 2014)

1.1.4.10. दामण – लद्दाख में हिमालय पर्वत की बीहड़ तराइयों में रहने वाले मॉन और बेड़ा लोगों के नगाड़े की एक जोड़ी। (जनवरी, 2015)

1.1.4.11. कोहक – बस्तर, छत्तीसगढ़ की बायसन हॉर्न माड़िया जनजाति का एक शिरोभूषण। (फरवरी, 2015)

1.1.4.12. टोपेरी – ओडिशा की देसिया कोंध जनजाति की वधु का शिरोभूषण। (मार्च, 2015)

1.2. **आर्काइवल स्रोतो में वृद्धि:**

समीक्षावधि के दौरान संग्रहालय ने अपने संकलन में 958 मानवशास्त्रीय प्रादर्शों, विभिन्न आकार के 23250 पारदर्शियों/फोटो प्रिंटस, 354 घण्टों से अधिक की ऑडियो–वीडियो रिकॉर्डिंग, भारतीय/विदेशी पत्रिकाओं के 439 अंक तथा 172 ग्रंथालयीन पुस्तकों की अभिवृद्धि की।

1.1.4. **Exhibit of the month :**

Exhibition series "Exhibit of the month" intends to make visitors introduced with unique collection of the Museum. It aims to provide first hand information about an object. In this series, selected object from Museum's reserve collection is displayed every month. During the period under review, following objects belonging to various folk and tribal communities were displayed:

1.1.4.1. Ringa- an exhibit belonging to Hill Bondo/Bonda tribe of Odisha .(April, 2014)

1.1.4.2. Wangamba Chenkhong- a wooden chair, one of the finest specimen that denotes the pride, power, supremacy and status of a Naga chief(May, 2014)

1.1.4.3. Kapala- a ritual bowl from the Tibetan monastery (June, 2014)

1.1.4.4. Tarpa- a blowing instrument of Warli tribe of Thane, Maharashtra(July, 2014)

1.1.4.5. Talwar- an object related to the Sikhism was displayed with its historical and social references. (August, 2014)

1.1.4.6. Shilambu- a foot ornament from Shriganga district of Tamilnadu having relevance in Tamil literature that recalls the story of " the revenge of Kannagi". Shilambu is considered as the symbol of pride and honour of a married woman and Kannagi as the goddess of justice(September, 2014)

1.1.4.7. Shami Lanmi Phi- a Noble shawl of the Naga community of Nagaland.(October, 2014)

1.1.4.8. Changu- a single membrane drum of the Juang tribe of Odisha. (November, 2014)

1.1.4.9. Balua- a battle axe of Oraon community of Jharkhand. (December, 2014)

1.1.4.10. Daman- a pair of drums of the Mon and Beda people who live in the rugged terrain of the Himalayan Mountain in Ladakh. (January, 2015)

1.1.4.11. Kohk-a head dress of Bison horn Maria tribe of Bastar, Chhattisgarh (February, 2015)

1.1.4.12. Toperi: The bridal headgear of Desia Kondh tribe of Odisha (March, 2015)

1.2. **Strengthening of Archival Resources:**

During the period under review, the Museum added nearly 958 Ethnographic specimens, 23250 slides/photo prints of various sizes, over 354 hrs. of audio-video recordings, 439 volumes of Indian/ Foreign Journals and 172 library books to its collection.

माह का प्रादर्श 'रिंगा' का उद्घाटन दृश्य।
Inaugural view of 'Ringa' the exhibit of the month.

माह का प्रादर्श 'दामण' का उद्घाटन दृश्य।
Inaugural view of 'Daman' the exhibit of the month.



माह का प्रादर्श श्रंखला के अंतर्गत प्रदर्शित प्रादर्श
Exhibits displayed under the series of exhibit of the month.







2

शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियाँ
Education & Outreach Activities

शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियाँ, चूँकि लोगों को सीधे संग्रहालय से जोड़ती हैं अतः संग्रहालय का अभिन्न भाग हैं । संग्रहालय तथा दर्शकों के मध्य संबंधो की निरन्तरता बनाये रखने हेतु स्कूली बच्चों, युवा, वयस्कों, शिक्षकों, गृहणियों इत्यादि वृहद वर्गीय दर्शकों की संतुष्टि हेतु इंगांरामासं विविध शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित करता है।

संग्रहालय की शैक्षणिक तथा आउटरीच गतिविधियों में सम्मिलित हैं 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम, कलाकार कार्यशाला, संगोष्ठी/सम्मेलन/अकादमिक कार्यशालाएँ, संग्रहालय लोकरूचि व्याख्यान, वार्षिक इंगांरामासं व्याख्यान, विशेष उत्सव तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस समारोह साथ ही मूर्त और अमूर्त संस्कृति से संबंधित विभिन्न अवसर और मुद्दे इत्यादि।

वर्ष 2014–15 के दौरान संग्रहालय द्वारा निम्नलिखित शैक्षणिक एवं आउटरीच गतिविधियॉ संचालित की गयी।

2.1. **'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रमः** संग्रहालय पंजीकृत प्रतिभागियों हेतु प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न सृजनात्मक देशज ज्ञान पद्धतियों के लोक व जनजातीय कलाकार व शिल्पकार उनके संबंधित शिल्प का प्रशिक्षण देने हेतु आमंत्रित किये जाते हैं। समीक्षा अंतर्गत अवधि के दौरान भोपाल स्थित संग्रहालय परिसर व अन्य स्थानों पर निम्नलिखित नौ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

2.1.1. **गुजरात की मुतवा कारीगरी :** दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 7 से 16 मई, 2014 तक किया गया, जिसमें कच्छ, गुजरात के एक पारंपरिक शिल्पकार श्री लुतुफ अली मुतवा ने 53 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.2. **मधुबनी चित्र कला :** 18 से 27 मई, 2014 तक दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती उर्मिला देवी तथा उनके सहायक ने 63 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.3. **छाउ :** पूर्वी भारत के लोकनृत्य पर एक 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 18 मई, 2014 से किया गया जिसमें सराइकेला, मयूरभंज तथा पुरूलिया से कलाकारों के एक दल ने बैले निर्देशक श्री चंद्र माधव बारीक, श्री तारा दत्त तथा गणेश चन्द्र महतो के सहयोग से स्थानीय प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.4. **लाइधी शाबा :** मणीपुर की पारम्परिक गुड़िया निर्माण कला पर एक दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 5 से 14 जून, 2014 तक किया गया, जिसमें श्री युम्नाम श्याम सिंह तथा श्री नील कमल ने 40 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

Educational and Outreach activities had been an integral part of the museum as it directly associates masses with the Museum. In order to maintain the Museum visitor alliance, IGRMS organises various education programmes and outreach activities catering to a wide-range of audience such as school children, youth, adults, teachers, housewife etc.

The Museum education and outreach activities include 'Do & Learn' Museum Education Programme, Artists Workshop, Seminar/Conference/academic workshop, Museum Popular Lectures, Annual IGRMS Lecture, particular festivals and celebration of national and international days as also the occasion and issues related to tangible and intangible heritage etc.

During the year 2014-15, following education and outreach activities were carried out by the Museum:

2.1. **'Do and Learn' Museum Education Programme:** The Museum organises demonstration and training programmes for registered participants. Folk and tribal artisans of various creative indigenous knowledge systems are invited to impart the training of their respective craft. During the period under review the following nine programmes were organised in the Museum campus at Bhopal and other places.

2.1.1. **Muthwa Karigari of Gujarat:** Ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme was organised from 7th to 16th May, 2014 in which Shri Lutuf Ali Muthwa a traditional craft person from Kutch, Gujarat imparted training to 53 registered participants.

2.1.2. **Madhubani Painting:** Ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme was organised from 18th to 27th May, 2014 in which Smt. Urmila Devi and her assistant imparted training to 63 registered participants.

2.1.3. **Chhow:** A 'Do and Learn' Museum Education Programme on Traditional Chhow folk dance of Eastern India was organised from 18th May, 2014 in which a group of artists from Saraikela, Mayurbhanj and Purulia with support of Shri Chandra Madhav Barik, a ballet director, Shri Tara Dutt and Shri Ganeshchandra Mehto imparted training to local participants

2.1.4. **Laidhee Shaba:** A ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme on "Traditional Doll making art of Manipur" was organised from 5th to 14th June, 2014 in which Shri Yumnam Shyam Singh and Shri Nilkamal imparted training to 40 registered participants

2.1.5. **गुजरात का बीडवर्क :** कच्छ, गुजरात के पारम्परिक बीडवर्क पर एक दस दिवसीय 'करो और सीखो' शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 10 से 19 जून, 2014 तक जबलपुर में पश्चिम मध्य रेल मंडल, जबलपुर के सहयोग से किया गया जिसमें सुश्री दक्षा धनजी भाई खत्री तथा उनके सहायक ने 26 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.6. **वारली चित्रकला :** महाराष्ट्र की वारली चित्रकला पर एक दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 10 से 19 जून, 2014 तक जबलपुर में पश्चिम मध्य रेल मंडल, जबलपुर के सहयोग से किया गया जिसमें श्री दिलीप बाहोथा तथा उनके सहायक ने 47 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.7. **लाइधी ग्राबा :** मणीपुर की पारम्परिक गुड़िया निर्माण कला पर एक अन्य दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 16 से 25 जून, 2014 तक नर्मदा रेल्वे आफीसर्स क्लब, भोपाल में किया गया जिसमें श्री युम्नाम श्याम सिंह तथा श्री नीलकमल ओइनाम ने 15 पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

2.1.8. **भोपाल की ज़रदोज़ी :** सीमा सुरक्षा बल प्रहरी संगिनी कल्याण समिति, जैसलमेर, राजस्थान के सहयोग से भोपाल की ज़रदोज़ी कला पर एक दस दिवसीय 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 15 से 24 जुलाई, 2014 तक 57 पंजीकृत प्रतिभागियों की प्रतिभागिता में किया गया। श्रीमती जुलेखा खान ने ज़रदोज़ी कला का प्रशिक्षण दिया।

2.1.9. **गुजरात का बीडवर्क :** सीमा सुरक्षा बल प्रहरी संगिनी कल्याण समिति, जैसलमेर, राजस्थान के सहयोग से कच्छ, गुजरात के बीडवर्क पर एक 'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन 15 से 24 जुलाई, 2014 तक किया गया जिसमें सुश्री बनिता खत्री ने 57 पंजीकृत प्रतिभागियों को मोतियों के आभूषण बनाने की कला का प्रशिक्षण प्रदान किया।

'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम में मणीपुर के कलाकार द्वारा गुड़िया निर्माण कला का प्रशिक्षण।
Training of Doll making art by the artist from Manipur in 'Do and learn' museum education programme.

'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम में पारम्परिक कलाकार द्वारा मुतवा कारीगरी का प्रदर्शन।
Demonstration of traditional Muthwa karigari by traditional artist under 'Do and learn' museum education programme.

'करो और सीखो' संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम में छाउ लोक नृत्य का प्रशिक्षण देते ओडिशा के लोक कलाकार।
Folk artist from Odisha imparting the training of Chhow folk dance in 'Do and learn' museum education programme.

भोपाल की ज़रदोज़ी कलाकार द्वारा जैसलमेर में बावा प्रशिक्षणार्थियों को ज़रदोज़ी के प्रशिक्षण का एक दृश्य।
A view of training of Zardoji art to BAWA trainees at Jaisalmer by the Zardoji artist from Bhopal.

पारम्परिक कलाकार के मार्गदर्शन में मधुबनी चित्रकला का अभ्यास करते पंजीकृत प्रतिभागी।
Registered participants practicing Madhubani painting under the guidance of traditional artist.

2.1.5. **Bead work of Gujarat:** A ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme on "Traditional Bead work of Kutch, Gujarat" was organised from 10th to 19th June, 2014 at Jabalpur in collaboration with West Central Railway Board, Jabalpur in which Ms. Daksha Dhanji Bhai Khatri and her assistant imparted training to 26 registered participants.

2.1.6. **Warli painting:** A ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme on "Warli painting of Maharashtra" was organised from 10th to 19th June, 2014 at Jabalpur in collaboration with West Central Railway Board, Jabalpur in which Shri Dilip Bahotha and his assistant imparted training to 47 registered participants.

2.1.7. **Laidhi Shaba:** Another ten day long 'Do and Learn' Museum Education Programme on Traditional Doll making art of Manipur was organised from 16th to 25th June, 2014 at Narmada Railway Officers Club, Bhopal in which Shri Yumnam Shyam Singh and Shri Nilkamal Oinam imparted training to 15 registered participants

2.1.8. **Zardozi of Bhopal:** In collaboration with Border Security Force Officers wife's Welfare Association, Jaisalmer, Rajasthan, a ten day long 'Do and Learn' museum education programme on Zardozi Embroidery of Bhopal was orgainsed from 15th to 24th July, 2014 with participation 57 registered participants. Smt. Julekha Khan imparted the training of Zardozi art.

2.1.9. **Bead work of Gujarat:** In collaboration with Border Security Force Officers wife's Welfare Association, Jaisalmer, Rajasthan ten day long 'Do and Learn' museum education programme on Bead Jewellary of Kutch, Gujarat was orgainsed from 15th to 24th July, 2014 in which Ms. Banita Khatri imparted the training of Beads jewellary art to 57 registered participants.

छाउ लोकनृत्य पर शैक्षणिक कार्यक्रम के प्रतिभगियों द्वारा तैयार और प्रस्तुत नृत्य नाटिका 'शक्ति' का एक दृश्य।
A view of ballet 'Shakti' prepared and performed by the participants of education programme on Chhow folk dance.

2.2. **कलाकार कार्यशालाएं** : लोक तथा जनजातीय समुदायों के बीच कलाकृतियों या शिल्प सामग्रियों का सृजन केवल आजीविका के साधन के रूप में ही नही है बल्कि इसमें सामाजिक धार्मिक महत्ता और सम्बद्ध कारीगर समुदाय का सौन्दर्य बोध भी सम्मिलित है। समय और स्थान में विकसित ये कला रूप एक क्षेत्र अथवा उसमें रहने वाले समुदाय की पहचान रहे है। अपने प्राकट्य में स्पर्शनीय होते हुए भी इन परम्पराओं में कई अमूर्त पक्ष जो विभिन्न देशज समुदायों और उनके अंतर्सम्बन्धों के अध्ययन में महत्वपूर्ण होते है भी समाहित होते हैं। विविध कला परम्पराओं के प्रलेखन, कारीगर समुदायो के प्रोत्साहन और साथ ही संग्रहालय के संकलन में अभिवृद्धि करने तथा दर्शकों को कलाकारों से एक ही स्थान पर सीधे सम्वाद के अवसर उपलब्ध कराने के विचार से इंगारामांसं देश के विभिन्न स्थानों, भोपाल स्थित अपने मुख्यालय तथा दक्षिण क्षेत्रिय केन्द्र, मैसूर में कलाकार शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन करता है। वर्ष के दौरान निम्नलिखित सत्रह कलाकार कार्यशालाएं आयोजित की गयी।

2.2.1. पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के सहयोग से 'कला दर्शना' शीर्षक से एक पांच दिवसीय कलाकार कार्यशाला का आयोजन जबलपुर में 30 मार्च से 3 अप्रैल, 2014 तक किया गया।

2.2.2. विभिन्न भारतीय राज्यों की कला और शिल्प परम्पराओं पर 'जम्मू उत्सव' शीर्षक से एक विशेष कार्यक्रम जम्मू में 12 से 16 अप्रैल, 2014 तक आयोजित किया गया जिसमें जम्मू, मणीपुर, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, उत्तराखण्ड तथा छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने उनके पारम्परिक शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया।

2.2.3. अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रयास स्वरूप कॉम जनजाति के पारम्परिक खेलों पर एक कार्यशाला, कॉम सांस्कृतिक नृत्य एवं शोध केंद्र, खोइरेना खुमान, मणीपुर के सहयोग से 2 से 6 मई, 2014 तक आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन श्री युम्नाम ज्ञानेश्वर सिंह, निदेशक, जनजातीय संग्रहालय तथा शोध केंद्र, इम्फाल द्वारा किया गया।

2.2.4. अतीत में विविध सामाजिक-राजनैतिक तथा सांस्कृतिक दशाओं में जन्मी, पल्लवित और देश भर के कलाकारों द्वारा की जाने वाली मिनिएचर चित्रकला अब केवल एक क्षेत्र विशेष तक सीमित रह गई है और यहाँ तक कि दुनिया में केवल पहाड़ी तथा मेवाड़ या राजस्थानी चित्रकला के नाम से ही जानी जाती है। मिनिएचर चित्रकला की परम्परा को संरक्षित व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'लघु चित्रावली संगम' शीर्षक से हिमाचल प्रदेश तथा राजस्थान के मिनिएचर चित्रकारों की एक कार्यशाला 10 से 15 मई, 2014 तक किशनगढ़, मेवाड़, चम्बा तथा कांगड़ा शैली के 19 मिनिएचर चित्रकारों की प्रतिभागिता में शिमला में आयोजित की गई।

2.2.5. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित भूमि और भित्ति चित्रण पर 'भूरंजना' शीर्षक से एक छः दिवसीय कलाकार कार्यशाला 26 से 31 अगस्त, 2014 तक मध्यप्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा में करीब 20 कलाकारों की प्रतिभागिता में आयोजित की गई।

2.2.6. संग्रहालय ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर के सहयोग से दस दिन की अवधि की एक राष्ट्रीय जनजातीय कला एवं शिल्प कार्यशाला का आयोजन 19 से 28 नवम्बर, 2014 तक भुवनेश्वर में किया । कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणीपुर और असम से विविध देशज शिल्पों जैसे बांस शिल्प, मुखौटा निर्माण, टोकरी, वस्त्र, लाख, धातु, लौहशिल्प तथा चित्रकला में अपने कौशल के प्रदर्शन हेतु कुल 81 कलाकारों ने भाग लिया।

2.2.7. संग्रहालय ने कलमकारी उत्सव-2014 शीर्षक से एक पांच दिवसीय कलाकार कार्यशाला सह-प्रदर्शनी का आयोजन विक्टोरिया जुबली म्यूज़ियम, पुरातत्व विभाग, विजयवाड़ा के सहयोग से 26 से 30 नवम्बर, 2014 तक किया।

